आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 07 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## कोडरमा में स्वीकृति समिति की बैठक संपन्न



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2022-23 पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना अन्तर्गत स्वीकृति समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिला कल्याण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि कोडरमा जिले में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 19452 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें प्रवेशिकोत्तर संस्थानों द्वारा अब तक 18934 छात्र-छात्राओं के आवेदन को छात्रवृत्ति हेतु अग्रसारित किया गया है। प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा के दौरान जिलास्तरीय समिति द्वारा 11653 छात्र-छात्राओं के आवेदन को अनुमोदित किया गया। जिनमें 3349 छात्र-छात्राओं को आच्छादित कर दिया गया है तथा वर्तमान में छात्र छात्राओं को प्रतिदिन आच्छादित किया जा रहा है। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक व अन्य उपस्थित रहे।

## जीएस स्कूल में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम




**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** जीएस पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में बुधवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की वेशभूषा व बाल लीलाओं से जुड़ी अपने नटखट प्रदर्शन से सबों का मन मोहा और श्री कृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़ी बच्चों ने अलग अलग झांकियां भी प्रस्तुत की। प्रांगण में दही-हांडी कार्यक्रम में शामिल सभी गोविंदाओं की भूमिका आकर्षक का केंद्र बना। विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जन्माष्टमी का त्योहार पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के सीसीए प्रभारी मो. इल्यास अंसारी व शिक्षिका ममता सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जमकर लुत्फ उठाया व स्लोगन हाथी घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल की का नारा लगाया।

## श्री महेश एकेडमी ने मनायी जन्माष्टमी




**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत स्थित श्री महेश एकेडमी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी बुधवार को गीत एवं भाव नृत्य के साथ धूमधाम से मनाया गया। कक्षा नर्सरी और के.जी. की मान्या, काव्या, आदित्य, अनीश, इशिका, सिकंदर, शाश्वत, श्रुति, सृष्टि ने राधा-कृष्ण के रूप में आकर्षक झांकी प्रस्तुत किया। वर्ग दशम के छात्रों उदय, प्रांजल, अनुराग, अंशु, श्रवण, शीतल, रितेश, सौरभ, प्रिंस ने इस अवसर पर मक्खन से भरे लबालब मटकी फोड़ने का मनमोहक और उत्तेजना पूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत कर इस उत्सव में चार चांद लगा दिया। भक्ति गीतों पर आधारित अनेक नृत्य कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं ने कृष्ण लीला को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अनेक अभिभावकों सहित एकेडमी के निदेशक सुनील कुमार सिन्हा, प्राचार्या रीना दाराद, शिक्षक गण और सैंकड़ो छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

## बड़कागांव में धूमधाम से मनायी गयी जन्माष्टमी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाया गया। कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बड़कागांव के राधेश्याम मंदिर और राम जानकी मंदिर में आकर्षक तरीके से सजाया गया था। कृष्णा अष्टमी को लेकर भगवान कृष्ण के बाल रूप को बच्चों को सजाया गया। कृष्ण बाल रूप में मुख्य रूप से सक्षम कुमार उर्फ युवराज, सम्राट कुशवाहा उर्फ पांडा और अनुजीत राज को सजाया गया। वहीं राधा के बाल रूप में सभ्यता कुमारी उर्फ वान्या को बनाया गया। राधेश्याम मंदिर और राम जानकी मंदिर में देर रात तक पूजा होती रही। राम जानकी मंदिर में मुख्य रूप से पुजारी चिंतामणि महतो, हरिनाथ राम, पिंटू गुप्ता, रामचंद्र गुप्ता, बंधन महतो, विशेश्वर महतो, रामचंद्र महतो, जबकि राधेश्याम मंदिर में अवधेश मिश्रा के नेतृत्व में गायक राजू कुमार सोनी, सांवर अग्रवाल, शंभू चौरसिया, लखन विश्वकर्मा, रामधनी विश्वकर्मा, प्रेम सोनी, मुरली सोनी, महेश्वरी राम, मेवा लाल नाग ने भजन कीर्तन किया।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में समारोह का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राज इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों का परिचय शिक्षिका शिवानी भारती ने कराया। मंच संचालन का कार्य पूजा और श्रेया ने किया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन राम लखन सिंह, डायरेक्टर सम्पा सिंह, सचिव राजा सिद्धार्थ सिंह ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ और शॉल देकर सम्मानित किया। स्वागत में बच्चों ने मिलिट्री बैंड के साथ अतिथियों की अगवानी की और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने एक शिक्षक की भूमिका निभाते हुए अपने वक्तव्य में कई ज्ञानवर्धक बातें बच्चों को बताई और विद्यालय की गतिविधियों तथा शिक्षकों और बच्चों की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर अनेकानेक शुभकामनाए दी। तत्पश्चात चेयरमैन रामलखन सिंह ने बताया कि शिक्षक बच्चों के भविष्य निमार्ता होते हैं। डॉ. राधाकृष्णन ने अपना जन्मदिन शिक्षकों के नाम कर दिया। विद्यालय की डायरेक्टर सम्पा सिंह ने डॉक्टर सर्वोपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कई महत्वपूर्ण बातें बतायी और कहा कि शिक्षा वह हथियार है जिससे मनुष्य पूरे विश्व पर विजय प्राप्त कर सकता है। इस उपलक्ष्य में विद्यालय के शिक्षक आशीष भुजेल, छात्रा ऋद्धिमा सिंह ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन का कार्य प्राचार्य निखर कुमार ने किया और सबों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

## डैम से मिला युवक का शव

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के खांडी पंचायत अंतर्गत डूबा डैम से बुधवार सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान दिनेश यादव उम्र लगभग 40 वर्ष पिता स्वर्गीय चमन यादव जोगेडीहा निवासी के रूप में हुई है। वही इस मामले को लेकर चंदवारा थाना में बुधवार को लालू शर्मा उम्र 30 वर्ष ग्राम खाण्डी निवासी ने आवेदन देकर हत्या का मामला दर्ज कराया है। दिए गए आवेदन में कहा है कि मैं ओर मेरे साथी दिनेश यादव (पिता चमन यादव उम्र 40 वर्ष), रामदेव यादव (पिता बाल्की यादव), मल्लू यादव (पिता चोलो यादव) के साथ मछली पकड़ने गए थे। मछली नही मिलने आगे बढ़कर वोट लेकर डैम गए तभी अचानक तेज बारिश शुरू हो गया। हम लोग डैम में बने केज पर बारिश से बचने लगे तभी ताराटांड़ निवासी जिब्राइल अंसारी, इजराफुल अंसारी और बारिश मियां, परिसाज अंसारी एवं अन्य लोग सभी मिलकर हम चारों के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। हमलोग वहां से बचकर भागने का प्रयास किये तभी हम लोग के साथी दिनेश यादव व मालू यादव को वे लोग पकड़ लिए और बुरी तरह मारपीट करने लगे। इस दौरान वे लोग दिनेश यादव को मार कर पानी में फेंक दिया और मालू यादव को केज के रूम में बंद कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी नीतिश कुमार एएसआई राजेंद्र राणा घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिए। साथ ही केज रूम में बंद युवक को भी अपने साथ थाना ले गए। घटना के संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया की हत्या व आत्महत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पायेगा।

### कोडरमा में एसीबी टीम ने घूसखोरी के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

# सिटी मैनेजर घूस लेते गिरफ्तार

संजीव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में भ्रष्टाचार का बोलबाला है इसकी बानगी एक बार फिर बुधवार को सामने आयी, जब एसीबी की टीम ने झुमरीतिलैया के सिटी मैनेजर प्रशांत भारतीय को 25 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी की टीम सिटी मैनेजर को गिरफ्तार कर अपने साथ हजारीबाग ले गई। बताया जाता है कि विज्ञापन एजेंसी चलाने वाले राजीव लोचन सिंह ने घूस मांगे जाने की शिकायत एसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग में की थी। उन्होंने कहा था कि वह गायत्री इंटरप्राइजेज के नाम से विज्ञापन एजेंसी का काम करते हैं। उनके एकरारनामा को पहले रद्द कर दिया गया था और फिर विज्ञापन का कार्य करने के लिए 50 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। उनसे सिटी मैनेजर प्रशांत भारतीय कोड वर्ड में घूस मांगा करते थे। उनकी शिकायत के बाद हजारीबाग एसीबी कार्यालय में 5 सितंबर 2023 को कांड संख्या 8/23 दर्ज किया गया। बुधवार को जैसे ही राजीव लोचन सिंह ने सिटी मैनेजर प्रशांत भारतीय को झुमरीतिलैया नगर परिषद के कार्यालय केबिन में घूस की रकम सौंपी, एसीबी की टीम ने सिटी मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान सिटी मैनेजर और एसीबी की टीम के बीच धक्का मुक्की भी हुई। बाद में सिटी मैनेजर को गिरफ्तार कर हजारीबाग ले जाया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में खड़े ट्रैक्टर पर गिरा बिजली का तार, बाल-बाल बचे बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र आंगो पंचायत स्थित गुड़कुआ गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र नर्सरी स्कूल में रूम के अंदर पढ़ रहे 16 बच्चे बिजली करंट से बाल बाल बच गये। नहीं तो बहुत बड़ी हादसा हो सकती थी। आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका अंजिता कुमारी ने बतायी की बुधवार 12:00 बजे दिन को आंगनबाड़ी के समीप खड़ी ट्रैक्टर पर अचानक बिजली प्रवाहित 11000 वोल्ट तार गिर गया जिसके कारण टैक्टर जलकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही इस दौरान आंगनबाड़ी का बिजली सर्विस वायर से 11000 वोल्ट तार चपेट में गया जिसके कारण आंगनवाड़ी कमरा के अंदर करंट प्रवाहित हो गया । पूरा रूम धुआ ही धुआ भर गया था। जिसके कारण बच्चे व्याकुल होने लगे। बच्चों को दरवाजे से बाहर नहीं निकाला जा सकता था, क्योंकि 11000 वोल्ट तार धधक रहा था। स्थिति बहुत ही भयानक हो गया था। सेविका अंजिता कुमारी और सहायिका सविता कुमारी ने हिम्मत दिखलाते हुए जान हथेली में लेकर रूम के अंदर लगी लोहे की खिड़की को दोनों ने खिड़की में लगी लोहे की रड को तोड़कर एक-एक करके सभी बच्चों को बाहर निकाली, तब कहीं जाकर बच्चों की जान बची। अन्यथा बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। सेविका बताती है कि बच्चों को खाना खिलाने के लिए सहायिका चापाकल से पानी लाने के लिए जा रही थी तभी दरवाजे से जैसे आगे कदम रखी पल भर में ही तार गिर गया। अन्यथा 11000 वोल्ट तार के चपेट में आ जाती। ट्रैक्टर वाले की किस्मत अच्छी थी कि वह ट्रैक्टर में बैठा नहीं था। नहीं तो वह चपेट में आ जाता। सेविका अंजीका कुमारी ने बिजली विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द 11000 वोल्ट तार को यहां से हटाकर दूसरे छोर से ले जायें। 2021 में 11000 वोल्ट की तार लगाई जा रही थी। जिसे हम लोगों ने विरोध भी किया था, साइड से ले जाने के लिए कहा गया था, परंतु बात नहीं सुनी गयी। मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के नए कनीय अभियंता सुधीर ने बताया कि स्थल का अवलोकन करने के बाद समस्या का समाधान कर लिया जायेगा।

## राजद की बैठक 9 सितंबर को

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय के स्टेडियम में 9 सितंबर को 11 बजे दिन राष्ट्रीय जनता दल का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रखंड प्रमुख सह राजद पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने बताया कि आयोजित सम्मेलन में प्रदेश और कोडरमा जिले के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी गण मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में संगठन पर मजबूती को लेकर चर्चा की जायेगी। साथ ही साथ प्रखंड कार्यकारिणी समिति का विस्तार, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का विस्तार समेत अन्य बिंदुओं पर गहन विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने प्रखंड के राजद पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं से आयोजित सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुचने की अपील की है।**

## इचाक उप प्रमुख ने भाजपा की संकल्प यात्रा पर उठाये सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** प्रखंड के उप प्रमुख ने बरकट्ठा में आयोजित भाजपा के संकल्प यात्रा पर सवाल उठाया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा कार्यक्रम सभा में स्थानीय विधायक जो निर्दलीय हैं मंच साझा किया। उनका कार्यक्रम में शामिल होना 2019 के मिले जनादेश का अपमान है। चुकी 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष अनुशासन समिति ने विधायक अमित कुमार यादव को पार्टी के खिलाफ कार्य करने और चुनाव लड़ने के विषयों को संज्ञान में लेकर 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित किया था। परंतु बरकट्ठा विधानसभा की जनता यह अनुरोध कर जानना चाहती है कि आखिर भारतीय जनता पार्टी ने कब और किस कार्यक्रम के तहत विधायक अमित कुमार यादव का निलंबन वापस लिया और पार्टी में शामिल कराया। साथ ही कहा की विधायक बीजेपी के कई कार्यक्रम में चाहे सांसद का कार्यक्रम हो या पार्टी का अन्य कार्यक्रम हो विधायक शामिल रहते हैं। कहने का तो पूरे विधानसभा के लोगों ने इनको अपने सर आंखों पर बैठाया और अपना मतदान इनके पक्ष में किया, दूसरी तरफ इनके द्वारा मिले जनादेश का अपमान बार-बार किया जाता है। दूसरी तरफ यह अपने आप को निर्दलीय विधायक कहते हैं। मैं प्रखंड और अंचल कार्यालय इचाक में फैले भ्रष्टाचार कमीशन खोरी के विषयों पर विधायक श्री यादव से प्रमुख संघ के द्वारा पत्र के साथ-साथ दूरभाष पर मोबाइल के द्वारा विगत एक महीना में लगभग 10 बार इचाक कार्यालय में मिलने का समय मांगा, परंतु विधायक श्री यादव के द्वारा एक भी बार निश्चित समय नहीं दिया गया।

## बाबूलाल मरांडी का इचाक मोड़ पर हुआ जोरदार स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** भाजपा द्वारा आयोजित संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्य मंत्री बाबूलाल मरांडी का इचाक मोड़ में भव्य तरीके से स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओ ने माला पहना कर और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा की आने वाले लोक सभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है। साथ ही कार्यकर्ताओ से चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा। स्वागत करने वालों में जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, वरिष्ठ नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर मेहता, सांसद प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष सुनील मेहता, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता, जीप सदस्य रेणु देवी, विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, ओमप्रकाश मेहता, महेश कुमार साव, मुकेश उपाध्याय, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, समाजसेवी रवि शंकर उर्फ भोला, भाजपा मंडल अध्यक्ष पश्चिमी सुभाष सोनी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शंकर सिंह, सुधीर मेहता, मुखलाल मेहता, मुखिया नंदकिशोर मेहता, पूर्व मुखिया डेग्नारायण मेहता, सुनील मेहता, अशोक मेहता, गोपाल सिंह, अनिल मेहता, आशीष कुमार, रंजीत मेहता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### जयनगर में मना बैंक ऑफ इंडिया का 118वां स्थापना दिवस

# ग्राहकों की सेवा हमारा कर्तव्य: मनीषा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयनगर।** प्रखंड के बैंक आंफ इंडिया जयनगर शाखा में अपने ग्राहकों के साथ 118 वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान बैंक शाखा परिसर को सजाया गया। बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिक बंशीधर बर्णवाल, रामकृष्ण मोदी ने संयुक्त रूप से केक काटकर 118वां स्थापना दिवस मनाया। शाखा प्रबंधक मनीषा कुमारी ने कहा कि बैंक परिवार ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवा देने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने ग्राहकों से भी बैंक द्वारा दिये गये ऋण राशि का किश्त समय पर देने की बात कही। उन्होंने कहा की बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना सहित कई योजनाएं के बारे में ग्राहकों को जानकारी दिया। बैंक स्थापना दिवस के अवसर पर शाखा प्रबंधक के द्वारा महिला ग्रुप, केसीसी, एमएसएमएसइ योजना के तहत 20 लाख ऋण वितरण किया गया। वहीं उन्होंने बोली कि बीओआइ जिले का अग्रणी बैंक है। क्षेत्र के कुटीर उद्योग, लघु और अन्य उद्यमियों समेत किसानों के आर्थिक विकास को लेकर बैंकिंग के क्षेत्र में अपनी महती भूमिका निभा रहा है। मौके पर ऋण प्रबंधक अर्जुन गुप्ता, शिव गंगा प्रसाद, कौशल किशोर, प्रशांत कुमार, शमशेर उद्दीन, अंकिता महतो, मनोज कुमार, राजु मुंडा, बैंक सखी सुजाता देवी, ग्राहक विक्रम कुमार, विशाल चंद्रा, केदार पासवान, रवि भूषण कुमार, पवन सिंह, शिवकुमार गुप्ता, महेंद्र साव, संजय यादव सहित दर्जनों-महिला पुरुष ग्राहक मौजूद थे।

## भगवती मठ में बाल संस्कारशाला का उद्घाटन




**इचाक (आजाद सिपाही)।** अखिल विश्व गायत्री महापरिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में इचाक प्रखंड समन्वयक प्रोफेसर राजेंद्र यादव तथा हरिद्वार प्रतिनिधि श्याम कुमार के नेतृत्व में इचाक भगवती मठ में बाल संस्कारशाला का उद्घाटन पूजन व हवन के साथ किया गया। जहां बच्चों को चरित्र बल तथा संस्कारवान पीढ़ी के नवनिर्माण करना, सामाजिक तथा आध्यात्मिक उत्थान करना तथा योग की शिक्षा दी जायेगी। बाल संस्कारशाला प्रत्येक रविवार को चलेगी। बाल संस्कारशाला की सेविका मंगल गुप्ता तथा सहायिका संजू देवी होगी। राखी विश्वकर्मा के द्वारा बच्चों को योग की शिक्षा दी जायेगी। गुरु भाई-बहनों को संबोधित करते हुए प्रखंड समंवयक प्रोफेसर यादव ने कहा कि जो थकान निराशा और खीझ अनुभव करता है, वस्तुत: वह बुढ़ा है,भले ही वह आयु की दृष्टि से जवान ही क्यों ना हो। कार्यक्रम में प्रोफेसर राजेंद्र यादव, श्याम कुमार, रामचंद्र मेहता, लाल जी राम, शिक्षिका लक्ष्मी देवी, राखी विश्वकर्मा, मंगल गुप्ता, संजू देवी, पूनम कुमारी, लक्ष्मी देवी, किरण देवी, रिंकी देवी, सहोदरी देवी, संगीता कुमारी, अंशिका कुमारी, नीलू देवी, मनी देवी, अंशु कुमारी, कोमल कुमारी आदि उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर अखंड हरीकिर्तण

**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ऐतिहासिक माता चंपेश्वरी की पावन भूमि ग्राम चम्पानगर नावाडीह के राधाकृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर चौबीस घंटे का अखंड हरीकिर्तण का आयोजन किया गया है। अखंड हरी किर्तण बुधवार दोपहर सवा एक बजे से प्रारंभ हुआ तथा विसर्जन आज होगा। राधाकृष्ण मंदिर का निर्माण स्वर्गीय हारो गोप व उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय पुंती देवी के द्वारा वर्ष 2009 में किया गया था तथा तब से हर वर्ष मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन भव्य तरीके से किया जा रहा है। इस आयोजन में तिलरा, भुसवा, निचतपुर, कवातु, रहिया सहित आसपास के सैकड़ों महिला- पुरुष श्रद्धालु जन्माष्टमी महोत्सव के साक्षी बनते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर पुरे मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है, जबकि भगवान कृष्ण का पालना भी विशेष आकर्षण बरसा रहा। महोत्सव को सफल बनाने में अर्जुन गोप, शिवशंकर गोप, रामकृष्ण गोप, बलराम गोप, कार्तिक उपाध्याय, ब्रह्मदेव गोप, सुजित गोप, पवन गोप सहित समस्त ग्रामवासियों की विशेष भागिदारी रही।

## अब बड़कागांव के स्कूलों में होगी डिजिटल पढ़ाई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के अधिकांश स्कूलों में अब डिजिटल द्वारा आइसीटी के माध्यम से बच्चों को संबंधित विषयों की जानकारी दी जायेगी। इसके लिए प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय के प्रांगण में आइसीटी का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इसका नेतृत्व एमटी पूनम दास कर रही है। प्रशिक्षण आदर्श मध्य विद्यालय में 28 अगस्त से लेकर 9 सितंबर तक चलेगी। यह प्रशिक्षण का दूसरा फेज है। इससे पहले भी 29 शिक्षक शिकाओं को आइसीटी के प्रशिक्षण दी जा चुकी है। इस प्रशिक्षण में मुख्य रूप से एमटी पूनम दास और सहयोगी बाबूलाल महतो सपना कुमारी है। प्रशिक्षण में सहयोग की जा रही है। दूसरे चरण में भी 29 शिक्षिकाओं शिक्षकों को भी प्रशिक्षण दी जा रही है। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से सीकरी उत्क्रमित हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक निरंजन राम, कमलेश कुमार, श्रीवास्तव, कार्तिक सोनी, कैसर अंजुम, संजय राम, राजू कुमार, महेंद्र महतो, अरुण गुप्ता, पूनम कुमारी समेत 31 शिक्षक शिकायत प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड का समापन



**चौपारण (आजाद सिपाही)।** चौपारण प्रखंड स्थित खेल मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर विजेता प्रतिभागियों ने प्रखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस दौरान बालक व बालिका वर्ग के अंडर 14, 17 और 19 वर्ग में 100 मी दौड़, 200 मी, 400मी, 800मी व लंबी कूद, उच्ची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, रिले दौड़, कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग के खेल में ओभर ऑल कस्तुरबा गांधी बालिका आवसीय विद्यालय मानगढ़ चौपारण का दबदबा रहा वही ओभर ऑल खेल बालक वर्ग में प्लस दो उच्च विद्यालय दनुवा व प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय रामपुर का दबदबा रहा। कबड्डी बालिका वर्ग में कस्तुरबा स्कूल व बालक वर्ग में इगुनिया उच्च विद्यालय विजेता बना। वॉलीबॉल में प्रोजेक्ट उच्च रामपुर स्कूल विजेता रहा। प्रखंड स्तर पर विजेता प्रतिभागी बच्चें जिला स्तर पर 9 सितंबर को आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में प्रमुख पूर्णिमा देवी, उप प्रमुख प्रिती गुप्ता, जीप सदस्य आरती कौशल, बीइओ राकेश कुमार, उमाकांत यादव, और कार्यक्रम को सफल बनाने में जनार्दन प्रसाद वर्मा, जितेंद्र सिंह, मो कैसर आलम, सुबोध सिंह, सुरेन्द्र दास, मृत्युंजय सिंह, डॉ प्रदीप साहू, कमलेश कुमार कमल, रतन कुमार वर्मा, राजकुमार प्रजापति, राजकुमार रविदास, बंसत दास, प्रदीप कुमार, उमेश सिंह, शशिकांत शर्मा, मुलायम सिंह यादव, राकेश कुमार, रेखा कुमार, आरती कुमारी, प्रतिमा कुमारी मुन्नी यादव, सरोज कुमारी, निशु सिंह, सरस्वती देवी, उषा कुमारी, किशन कुमार, दिलीप कुमार, यमुना प्रसाद, विजय कुमार, प्रदीप कुमार, कैलाश साव, राजेश कुमार, नौसाद अंसारी, बच्चू राणा, अजय यादव, गोपाल साव, रंजना कुमारी, गौरी कुमारी, प्रतिमा राज, बद्दी उजमा, बीपीएम मो आरिफ अंसारी, बीआरपी मो सईद अंसारी, रामावतार प्रजापति, शशिभूषण सिंह, राजाराम रवि आदि शामिल रहे।

## संकल्प सभा में विष्णुगढ़ से भारी संख्या भाजपा कार्यकर्ता जायेंगे



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प सभा मे विष्णुगढ़ व टाटीझरिया से भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जायेंगे। उक्त बातें भाजपा की बैठक विष्णुगढ़ के डिग्री कॉलेज में कही गयी। बैठक में उपस्थित मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आप बड़ी संख्या में बलसगरा में जुटेंगे। संकल्प सभा आम जनों के लिए जरूरी है। राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार ने जनता से जो वादे किये थे वह पूरे नही किये। जनता के साथ धोखा है। राज्य में चारों और लूट व अराजकता का माहौल है। सरकारी योजनाओं का लाभ आमजनों को नहीं मिल रहा है। ऐसे में भाजपा आंदोलन का मन बना चुकी है। सूबे के हेमंत सोरेन की सरकार का चारों तरफ विरोध हो रहा है। इस सरकार को बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। इसलिए भी पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी के संकल्प सभा मे भाग लेना जरूरी है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को बिश्वास दिलाते हुवे कहा कि आप मजबूती के साथ अपनी जनाधार को जुटाने में लगे रहे। पंचायत चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित को लेकर सजग रहने की बात कही। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, गुरु प्रसाद साव, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, नारायण महतो, सुशील मंडल, महेंद्र महतो, महादेव मंडल, डोमन गुप्ता, संतोष कुमार महतो, महेंद्र कुमार महतो, बिनोद गुप्ता, गोविंद कुमार महतो, सुखदेव रजवार, अंजू देवी, उमा देवी, त्रिवेणी प्रसाद, सुरेंद्र यादव, कैलाशपति सिंह, रजनीकांत चौधरी, राजू यादव, चेतलाल महतो, दीपक रजक, संजय कुमार महतो, सुरेश प्रसाद, बिनोद गुप्ता, शम्भू यादव,समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन सरकारी भवन में करने की मांग को लेकर ग्रामीणों का हंगामा



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोबना गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने सहायिका के निजी आवास में आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन करने को लेकर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि आंगनबाड़ी सेविका प्रभा देवी नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन में सेंटर नहीं चलाती हैं। वह सहायिका प्रमिला देवी के घर में चलाती हैं। आंगनबाड़ी का नवनिर्मित सरकारी भवन में संचालन की मांग को लेकर विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि हमारे बच्चों को काफी दूरी तय कर आंगनबाड़ी केंद्र जाना पड़ रहा है। इस स्थिति में ज्यादातर बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र नहीं जा पा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीडीपीओ से अविलंब नवनिर्मित भवन में केंद्र का संचालन करने की मांग किया है। वही आंगनबाड़ी सेविका प्रभा देवी का कहना है कि नये आंगनबाड़ी भवन में केंद्र की संचालन की अनुमति की मांग को लेकर कई बार कार्यालय को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक विभाग द्वारा नए भवन को हैंडओवर नहीं किया गया है। जिसके कारण वर्तमान में सहायिका के घर में केंद्र का संचालन हो रहा है। वहीं महिला पर्यवेक्षिका शांति देवी द्वारा बताया गया कि ठेकेदार के द्वारा अभी तक आंगनवाड़ी का नवनिर्मित भवन को हैंड ओवर नहीं किया गया है। ठेकेदार द्वारा हैंड ओवर करने पर कार्यालय द्वारा आदेश मिलते ही नए भवन में केन्द्र को शिफ्ट कर दिया जाएगा। ज्ञात हो कि सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि जहां आंगनबाड़ी का अपना भवन नहीं है वैसी स्थिति में आसपास के सरकारी भवन में ही आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया जाना है। यही कारण है कि विभाग द्वारा निजी भवन में संचालित केन्द्र का किराया भुगतान करना बंद कर दिया है। फिर भी कुछ स्थानों पर सेविका द्वारा महिला पर्यवेक्षिका के मिलीभगत से अपने निजी स्वार्थ के लिए निजी आवास में केंद्र का संचालन करते हैं।

## पतरातू में चिंतन शिविर का आयोजन





**पतरातू (आजाद सिपाही)।** नीति आयोग के द्वारा रामगढ़ जिले के आकांक्षी प्रखंड पतरातू प्रखंड को चयन किया गया है। इसको लेकर प्रखंड के विभिन्न पंचायत के गांव का डेवलपमेंट स्ट्रेटजी तैयार करना है इसके तहत बुधवार को डीसी रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड पतरातु कार्यक्रम के तहत चयनित पतरातू प्रखंड के सभागार में चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डीसी रामगढ़ चंदन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने कहा कि आकांक्षी पतरातू प्रखंड विकसित प्रखंड से पीछे है। जबकि इस प्रखंड में संसाधन की कोई कमी नहीं है हमें उसे बेहतर कर करने की आवश्यकता प्रखंड का सर्वांगीण विकास कैसे हो इस मंथन करने की आवश्यकता इस कार्य के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग की काफी अपेक्षा है सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को शत प्रतिशत लाभुकों तक पहुंचने में जनप्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। डीसी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, शिक्षा, आधारभूत संरचना जलापूर्ति और सामाजिक विकास उन प्रमुख बिंदुओं पर जोर देकर उनमें बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की जरूरत इसके लिए सर्वांगीण विकास लिए मंथन और चिंतन के साथ-साथ कार्य योजना बनाने संबंधित सूचकांकों में प्रखंड के वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत लक्ष्य को प्राप्त करने के संबंध में कई निर्देश दिये गए। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे, बीसीओ राजेश एक्का, बीएचओ डॉक्टर अशोक कुमार, सीडीपीओ अनुपम मिंज, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोरंजन पांडे, प्रधान सहायक चितरंजन पटेल, स्वास्थ्य विभाग के मनीष कुमार मुखिया पानो देवी, गिरजेश कुमार, हीरा देवी, किशोर महतो सहित कई पंचायत सेवक, प्रखंड स्तरीय अधिकारी जनप्रतिनिधि शामिल थे।

## रामप्रसाद चंद्रभान विद्या मंदिर में जन्माष्टमी पर कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य शारदा प्रसाद और संगीता अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती और भगवान कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें कक्षा अरुण से लेकर प्रथम तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में मनमोहक गीत एवं नृत्य का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं कई बच्चों ने कृष्ण रूप में गीता के श्लोक को भी सस्वर वाचन किया। प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। साथ ही श्री कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की कार्यक्रम के सफल आयोजन में अभिभावकों का सबसे बड़ा योगदान रहा। जिन्होंने अपने बच्चे को कार्यक्रम के लिए तैयार किया। मौके पर निर्णायक मंडली के द्वारा परिणाम की घोषणा की गयी। जिसमें कृष्ण रूप में प्रथम स्थान पर अन्वी कुमारी, द्वितीय रुद्र जायसवाल और तृतीय स्थान पर आदित्य कुमार रहे। वही राधा रानी वेश में प्रथम माही कुमारी, द्वितीय मानवी, तृतीय वैष्णवी कुमारी रही। मौके पर कुमकुम झा बबीता कुमारी, विकास कुमार कुशवाहा, बबीता रानी, अनीशा रंजन, शालू कुमारी, सोमा चाकी, दुर्गेश कुमार, पद्मावती सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## सहिया दीदी संघ की हुई बैठक



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को सहिया दीदी की बैठक आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्षा नीतू कुमारी और संचालन कोषाध्यक्ष नीलू देवी ने किया। बैठक में कई निर्णय लिये गये जिसमें मुख्य रूप से मच्छरदानी वितरण का कमीशन, 2022 से बाकी प्रोत्साहन राशि की भुगतान, प्रत्येक माह एएनएम तथा सहिया दीदी के साथ चिकित्सा पदाधिकारी की बैठक के अलावा ट्रेनिंग के दौरान बकाया राशि की मांग की गयी। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नीलू देवी, संजू देवी, नीतू देवी, कमली देवी, संध्या देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, सविता पांडे सहित अन्य सहिया दीदी शामिल थे।

## महिलाओं के लिए मल्टी स्पेशिएलिटी हेयर लैब का उद्घाटन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के लोहार टोला स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के निकट महिलाओं के लिए मल्टी स्पेशलिस्ट हेयर लैब प्रोफेशनल फॉर ब्यूटी का बुधवार को शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उदघाटन संचालिका की मां तरुबाला देवी ने फीता काटकर किया। मौके पर संचालिका रबिता देवी ने कहा कि 12 वर्षों से लगातार संचालित है, लेकिन इसे अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस करते हुए महिलाओं के लिए मल्टी स्पेशलिस्ट हेयर लैब के रूप के तैयार कर दी गई है। इस अवसर पर मोनिका सागर, सुमंती देवी, पिंकी कुमारी, सुनीता देवी, पिंकी श्रीवास्तव, अंशु कुमारी, अर्चना देवी, विनीता पांडे, शिबू दांगी, पंकज दांगी, रामनंदन प्रसाद, सिद्धार्थ कुमार, रवि राज आदि उपस्थित थे।

### मिशन इंद्रधनुष को लेकर डीसी ने की टास्क फोर्स बैठक

# समाज के विकास के लिए मिशन इंद्रधनुष का सफल होना बेहद जरूरी: उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में बुधवार को मिशन इंद्रधनुष को लेकर डीसी चंदन कुमार ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कर कई निर्देश दिए। बैठक के दौरान वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्लूएचओ) से डॉ अमोल द्वारा पीपीटी के माध्यम से आईएमआई 5.0 मिशन इंद्रधनुष के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के तहत शून्य से पांच साल तक के बच्चों को खसरा और रुबेला, निमोनिया, डिफ्थेरिया, काली खांसी, टेटनस, जापानीज इन्सेफेलाइटिस, पोलियो समेत कई प्रकार की बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाये जाते हैं। अभियान का पहला चरण 7 से 12 अगस्त तक चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का संचालन डिजिटल प्लेटफॉर्म यूडब्लूआइएन के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके लिए सहियाओं व सेविकाओं के द्वारा हेड काउंट सर्वे, ड्यू लिस्ट तैयार करना, माइक्रोप्लान बनाने सहित अन्य कार्य किए जा रहे है। मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण के इस अभियान को 3 महीने तक चलाया जाना है। जिसमे पहला चरण 7 से 12 अगस्त चलाया गया। इसके बाद दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर तक और तीसरा चरण 9 से 14 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के तहत बच्चों के नियमित टीकाकरण के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी होगा।

**समाज के विकास के लिए मिशन इंद्रधनुष का सफल होना बेहद जरूरी**

बैठक के दौरान डीसी ने बच्चों के नियमित टीकाकरण व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए मिशन इंद्रधनुष का सफल होना बेहद जरूरी है। इसके लिए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग की तरह कार्य करने और समाज कल्याण, शिक्षा, जनसंपर्क सहित अन्य संबंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर व्यापक प्रचार प्रसार करने और शत-प्रतिशत बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

**मिशन इंद्रधनुष के सफल संचालन को लेकर सुनिश्चित करने का निर्देश**

मिशन इंद्रधनुष के सफल संचालन को लेकर डीसी ने प्रखंड स्तर पर मिशन इंद्रधनुष के तहत कार्य करने वाले कर्मियों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण देने और जिला स्तरीय अधिकारियों को इसकी मानिटरिंग करते हुए सभी कर्मियों को किए जाने वाले कार्य की पूरी जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**आम जनों तक जागरूकता फैलाने के लिए कार्य करने का निर्देश**

अभियान को सफल बनाने एवं शत-प्रतिशत बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से डीसी ने तकनीक का पूरा इस्तेमाल करते हुए डिजिटल मोड में कार्य करने का निर्देश दिया। इसके लिए डीसी ने टीकाकरण संबंधित सभी जानकारी यूडब्लूआईएन पोर्टल पर ससमय अपडेट करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने, लोगों को जागरूक करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को विभिन्न विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को भी मिशन इंद्रधनुष एवं नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक करने व उन के माध्यम से उनके क्षेत्र में आम जनों तक जागरूकता फैलाने के लिए कार्य करने का निर्देश दिया।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में सिविल सर्जन, पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# रौशन कुमार नायक को इंसाफ दिलाने के लिए लड़ेंगे हर संभव लड़ाई : विश्वरंजन सिन्हा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुरकुंडा।** थाना चौक भुरकुंडा स्थित कपड़ा बैंक प्रांगण में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में समाजसेवी सह आजसु के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने बताया कि पटेलनगर पंचायत की मुखिया गुलाब देवी के पुत्र रोशन कुमार नायक ने एक सप्ताह पूर्व भुरकुंडा पुलिस से लिखित शिकायत कर स्थानीय सुदखोर के खिलाफ केस दर्ज कर कानुनी कार्रवाई करने की मांग की थी। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस मामले में कोई कारवाई नहीं कर रही है। अगर पुलिस आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं करता है तो क्रमवार आंदोलन किया जायेगा। मामले पर मुखिया के पुत्र रौशन कुमार नायक ने बताया कि करीब डेढ़ साल पूर्व पटेलनगर पंचायत निवासी नरेश यादव ने मेरी मां के मुखिया पद पर चुनाव जीतने के खुशी में मुझसे पार्टी देने के लिये बोले। जिसपर मैंने कहा कि मेरे पास पैसा नहीं है। इस पर वे जबरदस्ती मुझे 25 हजार रुपए दिये और उसी पैसा से पार्टी में खर्च हुआ। दो महिने बाद पैसा लौटाने गया तो बोले कि 80 हजार देना होगा। इस पर मैंने कहा कि डेढ़ साल में 3,44000 रुपए दे चुका हुं। इसके बाद भी नरेश यादव द्वारा 2 लाख रुपए देने का दबाव दिया जा रहा है। पिछले 19 जुलाई को मै रांची में था तो नरेश यादव बोले कि तुम्हे 30000 रुपये देना होगा। मैं ऑनलाइन पैसा नहीं लूंगा नगद देना होगा। मैं डर से अपना मोबइल से अरूण कुमार को बोला तो पटेलनगर बैंक मोड़ के दुकान प्रज्ञा केंद्र से 30000 रुपए लेकर नरेश यादव को दिया। में 30 अगस्त को करीब 10 बजे दिन में पटेलनगर में था। इसी दौरान नरेश यादव आयें और बोले कि 2 लाख रुपये दो। मेरे कहने पर की टोटल पैसा आप ले चुके हैं। यह सुनकर गुस्सा गए एवं जाति सुचक गाली-गलौज देते हुए उन्होने मेरे मोटरसाईकिल का चाभी, मोबाइल और पॉकेट से 25 हजार रुपए नगद छिन लिये। यह घटना देखकर दो लड़का वहां आ गया तो मेरा चाभी और मोबाईल दिये। लेकिन मेरा पैसा वापस नही किये और गाली गलौज करते हुये बोला कि कल तक 2 लाख रुपये पहुंचाओ नही तो जान से मार देंगे। साथ हीं घर से बाहर निकालकर घर दखल कर लेगें। प्रेस वार्ता में बताया गया कि भुरकुंडा में सूदखोरी का व्यापार काफी फल फूल रहा है। जिसमें पटेलनगर क्षेत्र का एक खुद को रसूखदार समझने वाला व्यक्ति सूदखोरी के लिए मशहूर है। उसके चंगुल में आकर पिछले कई वर्षों में क्षेत्र के कई व्यक्ति अपना सब कुछ गंवा चुके हैं। अगर पुलिस अविलंब शिकायत पत्र पर कारवाई नहीं करती है तो क्रमवार आन्दोलन किया जायेगा। प्रेस वार्ता में विश्वरंजन सिन्हा, मनोज सिन्हा, पंकज कुमार, अरबाज खान, दिलीप महतो, आयुष सिंह, छोटू कुमार, रोहित भारती, रोहित कुमार, सतीश ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर मंगलवार की देर शाम को जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान विभिन्न माल ढुलाई वाहनों की ओवरलोडिंग और अन्य कागजातों की जांच की गयी। जांच के क्रम में पांच माल ढुलाई वाहनों जेएच 09 एपी 6064, डब्लूबी 19 जी 4434, जेएच 12 पी 7134, जेएच 02 एएक्स 3606, जेएच 02 एफ 6313 के कागजात पूरे नहीं होने और ओवरलोड पाए जाने के उपरांत वाहन मालिकों को कड़ी चेतावनी देने के साथ सुसंगत धाराओं के तहत कुल 2,38,250 रुपये का चालान किया गया। जांच अभियान के दौरान मोटर यान निरीक्षक विमल कुमार सिंह, प्रधान सहायक मनीष कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा प्रबंध विक्की आनंद, सड़क अभियंता ऋषिकांत सहित अन्य उपस्थित थे।

### मारवाड़ी महिला समिति ने किया शिक्षकों को सम्मानित

# समाज के नवनिर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका: निशा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रामगढ़।** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेज में जाकर शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत समिति की सदस्यों द्वारा डी ए वी बरकाकाना की प्राचार्य डॉ उर्मिला सिंह, चाइल्ड वर्ल्ड की गीतांजलि जाजू, गांधी स्मारक उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष अनंत, अध्यक्ष बद्री विश्वकर्मा, कस्तूरबा कॉलेज की प्रधानाचार्या रूमा सिंह को शॉल ओढ़ाकर और पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर आक्सीजन के पौधे भेंट कर सम्मानित किया। सभी विद्यालयों के सहयोगी शिक्षक को उपहार भेंट किये गए।

अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षक जो हमारे समाज की नींव होते हैं उन्हें सम्मानित कर यह एहसास कराना है कि उनकी इस सेवा का हमारे लिए क्या महत्व है। वह शिक्षक ही होते हैं जो हमारे अंदर ज्ञान का प्रकाश फैलाकर हमें जीवन रूपी कर्म क्षेत्र पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनके ऐसे कार्यों के लिए समिति की तरफ से शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। मौके पर कार्यक्रम में समिति की तरफ से अध्यक्षा के अलावा अरुणा जैन, प्रिया अग्रवाल, रिद्धि जैन, नैना मेवाड़, स्वाति अग्रवाल, रेणु मित्तल, पुष्प अग्रवाल, नम्रता जैन, अनीता बंसल, पूनम गर्ग, राखी शर्मा, श्वेता बगड़िया मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में मना शिक्षक दिवस और जन्माष्टमी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य तथा शिक्षकों के द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पार्चन किया गया। तत्पश्चात कक्षा एकादश के विद्यार्थियों के द्वारा अनेक मनोरंजक कार्यक्रमों का सफल संचालन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर छात्र-शिक्षकों ने कक्षा में विद्यार्थियों को पढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पाण्डेय ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर हम अपने शिक्षकों को आदर के साथ याद करते हैं। वह हमारे लिए परम आदरणीय और पूजनीय हैं, उनका सम्मान ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों का दायित्व द्विगुणित हो गया है। उन्हें वर्तमान समय की चुनौतियों अनुरूप अपने आप को बदलना चाहिए ताकि नई पीढ़ी का समुचित मार्गदर्शन करने में वह सक्षम हो सकें। स्कूल प्रबंधन के द्वारा विद्यालय के शिक्षकों तथा कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इधर जन्माष्टमी के अवसर पर ओपी जिंदल स्कूल के प्राथमिक खंड में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के बच्चों के लिए राधा-कृष्ण की प्रतिमूर्ति संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने आकर्षक साज-सज्जा के साथ राधा-कृष्ण के वेश में मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर ओपीजेएस के कर्मचारी सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद था।

## बाल विद्या मंदिर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर आरा में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम वर्ग एलकेजी से वर्ग दूसरा तक के करीब एक सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। साथ ही, बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा में नृत्य की प्रस्तुति की। वही, वृक्ष, जल, आसमान, डस्टबिन, फूल -पौधा का रूप बनाकर सबका मन मोह लिया। वही, बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा में राधा - कृष्ण की जीवंत रूपी प्रस्तुत किया। मौके पर प्राचार्य रंजीत सिंह ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें पुरस्कार भेंट की। साथ ही, बच्चों को प्रकृति की रक्षा के लिए जागृत किया। वही, मौजूद अभिभावकों को भी बच्चों को सहयोग देना जरूरी बताया। वही, विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी गुरमीत धीमान ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए पुरस्कार भेंट कर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से बच्चों में सवार्गीण विकास होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक रीता कुमारी व बबिता कुमारी का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## 11 को बाबूलाल मरांडी का उज्जवला फाउंडेशन करेगा स्वागत



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में उज्जवला फाउंडेशन की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन वीणा कुमारी ने की। बैठक के दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने लेखा-जोखा की प्रस्तुति की। साथ ही, अब तक किए गए कार्य एवं आगामी कार्यों की विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सदस्यता अभियान तेज करने की बात कही गई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सह अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने फाउंडेशन के माध्यम से महिलाओं को सशक्तिकरण के तहत रोजगार मुहैया करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन को जिस राजनीतिक पार्टी द्वारा सहयोग मिलेगा। उसे पार्टी को पूर्ण रूप से समर्थन कर वोट देने का निर्णय लिया गया। साथ ही, आगामी 11 सितंबर को पूर्व सीएम सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बलसगरा कार्यक्रम में जाने के दौरान नयामोड़ मे भव्य स्वागत और मेरा देश, मेरा माटी कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। मौके पर अनीता देवी, मनसरी देवी, सुमन देवी, आशा कुमारी, कौशल्या देवी, कुसुम देवी, मुनिता देवी, प्रियंका देवी, सुनीता देवी, ईशा कुमारी, पूनम देवी, मीना देवी, रूपा कुमारी, स्वाति देवी समेत बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## अवैध खनन मामले में माइनिंग विभाग ने किया हाइवा जब्त




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** माइनिंग विभाग द्वारा चलाये जा रहे अवैध उत्खनन को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार को बरकाकाना ओपी क्षेत्र से एक हाइवा को जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के तहत चलाये जा रहे जांच के दौरान हाइवा पकड़ा गया, जिसके उपरांत चालक से वाहन में लदे माल से संबंधित कागजात की मांग की गयी। कागजात नही मिलने पर माइनिंग विभाग द्वारा हाइवा संख्या जेएच 02 एवाइ 2581 को जब्त कर बरकाकाना ओपी को सौंपा है। मामले में हर पहलू पर जांच चल रही है। बताते चलें कि झारखंड सरकार के द्वारा अवैध खनन मामले पर शख्ती बरतने के वावजूद अवैध खनन का खुलेआम होना कई सवालों को जन्म देता है।

## पतरातू थाना क्षेत्र में पुलिस ने जब्त किया बालू

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू पुलिस ने बुधवार को पतरातु थाना क्षेत्र के टेरपा स्थित बालू घाट में छापामारी किया है। पतरातू पुलिस को छापामारी में बड़े पैमाने पर बालू स्टॉक किया हुआ मिला है। पतरातू थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि टेरपा क्षेत्र में 8 से 9 हाईवा बालू बरामद हुआ है। पुलिस जप्त किए हुए बालू को पतरातू थाना परिसर में स्टॉक कर रही है। माइनिंग डिपार्टमेंट के आदेशानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## सीआरएस बरकाकाना ने किया नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक रमेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। आयोजन में सीसीएल उच्च विद्यालय नया नगर बरकाकाना, एसएन उच्च विद्यालय बरकाकाना, आर्य बाल उच्च विद्यालय, यूएमएस दुर्गी और मध्य विद्यालय नया नगर बरकाकाना के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान स्वतंत्रता संग्राम पे लिखी गयी पुस्तकें एवम कपड़े का थैली वितरण किया गया। मौके पर दिनेश प्रसाद, जयंत विश्वास, एसओपी संजीव कुमार, शफीक एस, कुमार अंकित सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 07 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## जिले में मान्यता प्राप्त वेंडर सरकार की योजनाओं में भ्रष्टाचार का माध्यम बन गये हैं: अनीता देवी



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लातेहार जिले भर में अवस्थित मान्यता प्राप्त वेंडर के भौतिक सत्यापन हेतु उपविकास आयुक्त लातेहार को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में यह बताया है कि विभिन्न स्रोतों से ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि लातेहार जिले में मान्यता प्राप्त वेंडर सरकार की योजनाओं में भ्रष्टाचार के माध्यम बन गये हैं। साथ ही बड़ी संख्या में इनका प्रतिष्ठान कागजों पर संचालित हो रहा है। कई प्रतिष्ठान टैक्स चोरी में भी संलग्न है। सरकारी अभिलेखों में प्रस्तुत विपत्रों और उनके द्वारा सरकार को समर्पित पत्र के आंकड़ों में भी अंतर होने की संभावना है। इन सब तथ्यों के अनुश्रवण के अभाव में बड़े पैमाने पर अनियमितता की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने लिखा है कि सभी मान्यता प्राप्त वेंडरों के भौतिक सत्यापन के साथ-साथ उनके कागजातों की जांच किया जाना नितांत आवश्यक है। ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

## लातेहार उपायुक्त की देख-रेख में रेड क्रॉस सोसाइटी की कमिटी का गठन



लातेहार (आजाद सिपाही)। उपायुक्त हिमांशु मोहन के द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी का शपथ ग्रहण पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें सभापति के रूप में महेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपसभापति विनीत कुमार मधुकर सचिव जावेदअख्तर कोषाध्यक्ष विशाल चंद्र साहू, सर्व सहमत से बनाया गया। इस शपथ ग्रहण में सभी 14 सदस्य सभी का शपथ ग्रहण हुआ। उपायुक्त हिमांशु मोहन ने शपथ ग्रहण कराये। रेड क्रॉस सोसाइटी का निर्वाचित पदाधिकारी सिविल रुद्ध शेखर कुमार, अपर निर्वाचित पदाधिकारी सीओ रुद्र प्रताप बीडीओ मेघनाथ उरांव के द्वारा शांतिपूर्वक रेड क्रॉस सोसाइटी का चुनाव संपन्न कराये। रेड क्रॉस सोसाइटी इस वर्ष का झारखंड में पहला लातेहार जिला में रेड क्रॉस सोसाइटी का गठन हुआ। इस समारोह में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल समाजसेवी शत्रुध्न प्रसाद प्रोफेसर हरिप्रसाद संतोष कुमार सिंह दिलीप कुमार पवन, मीनू गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मनिका कांग्रेस कार्यालय में कार्यकारिणी का बैठक संपन्न

मनिका(लातेहार)(आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड स्थित आज दिन बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न। इस बैठक का अध्यक्षता युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने किया। इस बैठक का मन संचालक युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने किया। उक्त बैठक में बूथ अस्तर से लेकर पंचायत स्तर तक कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है कमेटी विस्तार करना युद्ध जोड़ो बूथ जोड़ों को लेकर चर्चा किया गया। वही विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मनिका विधानसभा में मजबूती के साथ युवाओं को जोड़ना है और आगामी लोकसभा चुनाव को भी जितना है। मौके पर उपस्थित युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, युवा अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव उपाध्यक्ष बिसला विशाल कुमार मीडिया प्रभारी विजेंद्र पासवान महासचिव सरजू यादव समेत आनेको लोग उपस्थित थे।

## बीएलओ-सुपरवाइजर के साथ बीडीओ की बैठक



कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार ने बुधवार को बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ श्री कुमार ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के दौरान किए गए कार्यों की समीक्षा की एवं सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को घर-घर किये गये सत्यापन का ऑनलाइन सत्यापन करने, मतदाता के ब्लैक एंड व्हाइट फोटोग्राफ्स को कलर फोटोग्राफ से बदलने और प्रत्येक मतदान केंद्र में चुनावी पाठशाला आयोजन करने और निर्धारित समय तक लक्ष्य का शत-प्रतिशत कार्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चंद्रकुंवर के अलावा सभी बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया से बौखला गये हैं मोदी : इमरान आजाद



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु निवासी सह इंटक जिला अध्यक्ष इमरान आजाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जब से इंडिया गठबंधन बना है। तब से मोदी सरकार की रात का नींद दिन का चैन हजम नहीं हो रहा है। ये डर बता रहा है। जनता जाग चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी जो झूठे वादे कर के सरकार बनाये थे। जनता अब सवाल पूछ रही है। की प्रत्येक साल दो करोड़ नौकरी कहाँ गयी, प्रत्येक व्यक्ति के खाते मे पंद्रह लाख कहाँ गये, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, और बहुत हुई महगाई की मार इस बार मोदी सरकार सभी वादे झूठे साबित हुए ऐसे अनेक सवाल है। जिसे प्रधानमंत्री जवाब नहीं दे पा रहे हैं। कभी नोट बंदी तो कभी कुछ ना जाने क्या क्या करते रहते हैं। जब अभी जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया गठबंधन बनाया गया तो हमारे सविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर का अपमान कर इंडिया को हटा कर भारत करने की बात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी को हार का डर सताने लगी है। और उनके उलूल जुलूल फैसले से जनता त्रस्त हो चुकी है। और इसका जवाब 2024 का चुनाव मे जनता देने को तैयार है।

## उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ लोगों ने जमकर लगाये नारे, दी चेतावनी



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जय श्रीराम समिति के द्वारा पावरगंज स्थित देवी मंदिर में महाआरती और भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में महिलाएं बड़े बच्चे हुए शामिल हुए। महाआरती के बाद हनुमान चालीसा सामुहिक पाठ किया गया। उसके बाद तमिलनाडु सीएम के बेटे उदयनिधि स्टालिन के द्वारा सनातन धर्म के खत्म करने के बयान को लेकर सड़कों पर हजारों की संख्या में सनातन धर्मलंबियो ने प्रदर्शन किया। सनातन विरोधी हाय हाय, सनातन धर्म को मिटाने वाले खुद मिट्टी में मिल जायेंगे, सनातन एकता जिंदाबाद, सनातन धर्म से जो टकराएगा चूर-चूर हो जायेगा, सरना सनातन एक है, सनातनी होना गर्व की बात जैसे नारों से पूरा शहर गूंज उठा। सभी लोगों में उदयनिधि स्टालिन के विरुद्ध काफी गुस्सा देखा गया। जिसमें नगर महामंत्री सुशील पटनायक, नगर कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति भगत और उपाध्यक्ष पवन प्रजापति को बनाया गया। मौके पर संरक्षक सुषमा सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद, अजय पंकज, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव उर्फ गुड्डू, संतोष लकड़ा, ओम महतो, जिला महामंत्री अजय साहू, अनिल उरांव, बिक्की कसेरा, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, संगठन मंत्री अभिषेक साहू, सह कोषाध्यक्ष निखिल कुमार समेत हजारों की संख्या में सनातन धर्मावलंबी मौजूद थे।

# नल-जल योजना में गड़बड़ी के खिलाफ ग्रामीणों ने दिया धरना

### पेयजल विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों पर मनमानी का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा बरवाटोली पंचायत के ग्राम बेतर के टोला नवाटांड़ देवी मंडप के प्रांगण में अनील यादव के नेतृत्व में बैठक रखा गया। इस बैठक मे सरकार द्वारा संचालित जल नल योजना के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने का जो कार्य चल रहा है। इसमें घोर अनियमितता बरती जा रही है। इस योजना का ज्यादातर कार्य नियम के विरुद्ध हो रहा है। इस कार्य में लगा हुआ काला मोटा पाइप बार-बार फट जा रहा है। इससे पता चलता है कि पाइप कितना कमजोर है। पाइप को भी महज 3 से 4 इंच नीचे गाड़ा जा रहा है । ग्रामीणों के बार-बार कहने के बावजूद भी कोई इसका शुद्धि लेने वाला कोई नहीं है। बैठक में उपस्थित जयप्रकाश सिंह ने कहा कि इतना होने के बावजूद भी ठेकेदार काम में सुधार नहीं लाते हैं तो पीएमओ से शिकायत कर इसका उच्च स्तरीय जांच कराया जायेगा। साथ ही देव प्रसाद सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जो जनकल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। इसमें ठेकेदार और अफसरो का गंठजोड़ कर ग्रामीणों के आंखों में जो धूल झुकने का काम किया जा रहा है। उसे हमसब कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस बैठक में उपस्थित प्रमुख पति राजू उरांव ने कहा कि मेरे साथ जो कुछ भी हुआ है। वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। फिर भी मैं उससे डरने वाला नहीं हूं गलत के खिलाफ एक शुरू से आवाज उठाता रहा हूं और उठाता रहूंगा। वही बैठक में उपस्थित तूफानी यादव, राज किशोर सिंह, सुखदेव महतो, बिगन, डेविड कुजूर, संतोष, पुरानचंद महतो, उमेश, वार्ड सदस्य साधु उरांव, बनवारी उरांव, अजय, विजय महली, मोती, सुखदेव और यहां पर उपस्थित सैकड़ो ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि इस योजना का हर एक पहलू प्राक्कलन राशि के आधार पर जांच होनी चाहिए और नहीं तो इसका हम सब चरण वध तरीका से आंदोलन करेंगे। इधर पेयजल विभाग के चंदवा क्षेत्र के एस्क्यूटिव से दूरभाष से बात करने पर उन्होंने कॉल रिसीव नही किया।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा ने तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि का पुतला फूंका

# घृणित मानसिकता के व्यक्ति हैं स्टालिन: रितेश

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के अगुवाई में तमिलनाडु राज्य के मंत्री उदयनिधि स्टालिन का पुतला दहन स्थानीय पावरगंज चौक में किया गया। मौके पर रितेश कुमार ने कहा कि घृणित सोंच वाला एक घृणित व्यक्ति उदयनिधि है जो कि तमिलनाडु राज्य सरकार में एक मंत्री है। इसके द्वारा सनातन धर्म के विरुद्ध अशोभनीय टिप्पणी सनातन धर्म एक धोखा है, इसे समाप्त कर देना चाहिए किया गया। जो कि हम सनातनियों के धार्मिक भावनाओं और आस्था के प्रति किया गया बहुत गहरी आघात व धर्म पर किया गया आपराधिक हमला है। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि एकमात्र सनातन धर्म ही ऐसा धर्म है जो निर्विवाद व अनंत काल से स्थापित है। अनेकों सनातन विरोधी शासक आयें परंन्तु सनातन धर्म को समाप्त करने की सपना लेकर काल के गाल में समा गयें। सनातन धर्म को ललकारने वाले श्रीराम की कृपा से स्वयं ही मिट्टी में मिल जाते हैं। झूठी लोकप्रियता और राजनीतिक लाभ के लिये उदयनिधि जैसा घृणित मानसिकता का व्यक्ति अनर्गल बयान देना बंद करें। अन्यथा सनातनियों का आक्रोश झेलने के लिये तैयार रहें। पुतला दहन कार्यक्रम में अजय कुमार पंकज, रितेश कुमार, अमरेश भारती, जगनन्दन पौराणिक, दिलीप पटनायक, ओमप्रकाश गुप्ता, सूरज दसौंधी, मिथुन तामेंड़ा, चन्दन गोयल, सजल दीपक सर्राफ, सुशील पटनायक, ऋतिक वर्मा, दीपक साहू, पीकू शर्मा, मंगल गोप, रमेश कुंवर, अनूप, अतुल कुमार, परमानंद कुमार इत्यादि शामिल थे।

### दून स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

# बाल गोपाल बने बच्चों ने मोहा मन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ में जन्माष्टमी के पावन पर्व पर चहुंओर इसकी दिव्य छटा दिखाई दे रही है। हर जगह इसकी भव्यता और अनोखी छटा देखते ही बन रही है। ऐसा लग रहा है मानो, हर जगह सिर्फ राधा और कृष्ण ही विद्यमान हैं। सभी लोग कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर इसे भव्य तरीके से मनाने की तैयारी में लगे हुए हैं। मंदिरों और घरों के अलावा, कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर जगह जगह, शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

इसी कड़ी में आज बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित दून सेन्ट्रल ऐजुटकेशन एकेडमी में जन्माष्टमी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार, अजीत कुमार और सहीयोगी शिक्षक, शिक्षिकाओ ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्राथमिक कक्षाओं के छात्र व छात्राओं ने, राधा कृष्ण की आकर्षक पोशाकों को धारण कर, अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान बाल गोपालों ने धार्मिक गीतों पर जमकर डांस किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसी बीच मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

**बच्चों ने प्रस्तुत किये विभिन्न कार्यक्रमः** प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को किया गया पुरस्कृत राधा कृष्ण के स्वरूपों में बने बच्चों ने आकर्षक नृत्य कर, सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ऐसा लग रहा था मानो, हर जगह राधा कृष्ण के स्वरूप ही हों। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चो को पुरस्कृत भी किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार ने कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को इसका महत्व बताया। उन्होंने बताया कि, पूरी दुनिया में कृष्ण जैसा पुत्र नहीं और मित्र नहीं। जिन्होंने दुनिया को सत्कर्म पर चलने की राह दिखाई। इस दौरान विजेता बच्चों को पुरस्कृत करने के उपरांत, समस्त स्वरूपों की आरती उतारी गयी।

## एसपीजी डायरेक्टर के निधन पर बालूमाथ में शोक



बालूमाथ। झारखंड के हजारीबाग निवासी 1987 बैच के आईपीएस और विशेष सुरक्षा दल (एसपीजी) के डायरेक्टर अरुण कुमार सिन्हा की दिल्ली में निधन पर बालूमाथ प्रखंड कायस्थ महापरिवार के अध्यक्ष संतोष सिन्हा पत्रकार, सचिव निर्मल कुमार सिन्हा, रविन्द्र सिन्हा (भानु), अमन सिन्हा, पंकज कुमार सिन्हा सहित कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। तथा भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी किया है।बताया जा रहा है कि उनका निधन दिल्ली स्थित गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में हुआ है। वह 61 वर्ष के थे और अस्वस्थ थे। लिवर में दिक्कत के बाद कराये गये थे भर्ती उन्हें हाल ही में सेवा विस्तार दिया गया था।

### शिक्षक संघ और बीईओ घनश्याम चौधरी के बीच बढ़ा विवाद

# एसडीएम ने दोनों को दिया पक्ष रखने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुआडांड।** महुआडांड प्रखंड में विगत कुछ दिनो से शिक्षक संघ और बीईओ घनश्याम चौधरी के बीच बढ़ते विवाद को देखते हुए महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन के निर्देश पर दोनो पक्ष बुधवार को अनुमंडल कार्यालय पहुँचे और एसडीएम की अनुपस्थिति में अनुमंडल कार्यालय अधीक्षक के सामने अपना अपना पक्ष रखें।

बताते चले कि महुआडांड प्रखण्ड में विगत कुछ दिनो से शिक्षक संघ और बीईओ घनश्याम चौधरी के बीच विवाद अपने चरम पर पहुँच गयी है। दोनो पक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने का कार्य कर रहे थे। इसी को देखते हुए गत मंगलवार को एसडीएम नीत निखिल सुरीन ने ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पत्र भेजकर दोनो पक्ष के लोगों को कार्यलय मे उपस्थित होने का निर्देश दिये थे। पत्र मे कहा गया था कि इस विवाद से शिक्षकों और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के बीच समन्वय की कमी और कार्य के प्रति लापरवाही परिलक्षित होती है। साथ ही आम जनता के बीच शिक्षा जगत की छवि धूमिल होती है। सो बुधवार को पूर्वाहन 11 बजे अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करना सुनिश्चित करें ताकि वस्तुस्थिति की स्पष्टता के पश्चात विधि सम्मत अग्रतर कारवाई की जा सके।

**क्या है मामला?**

स्थानीय जिला परिषद डाक बंगला परिसर में गत रविवार को झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के लातेहार जिला अध्यक्ष श्रीमति अनुपा मिंज की अध्यक्षता में महुआडांड प्रखंड के शिक्षक संघ की बैठक संपन्न हुई थी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य महासचिव योगेन्द्र तिवारी वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के झारखंड राज्य के कोषाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिन्हा, लातेहार जिला प्रधान सचिव चन्दन कुमार सिंह, सुनील कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे।

## लाल वारंटी पति-पत्नी गिरफ्तार



कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू थाना पुलिस ने बुधवार को दो लाल वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल भेजे गए लोगो मे पति पत्नी शामिल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों कुडू थाना कांड संख्या 09/07 और धारा 341, 323, 34 भादवी के प्राथमिक अभियुक्त और जीआर 35/07 के वारंटी थे। जेल भेजे गये लोगों में थाना क्षेत्र के पंडरा गांव निवासी सैफुल्लाह अंसारी पिता अब्दुल शकूर अंसारी और उसकी पत्नी रेहाना खातून शामिल हैं। दोनों 15 वर्ष पहले एक मारपीट के मामले में जेल से बरी हुए थे। लेकिन मामले का सही निपटारा नही होने के कारण लाल वारंट निकला हुआ था।

## चार करोड़ की लागत से साढ़े चार किमी लंबे पथ निर्माण का शिलान्यास



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत के गगेया बाजार टांड से पतलो गड़वाल सिमाना तक आरईओ विभाग से 4.50 किलोमीटर पथ निर्माण का स्वकृति मिलने पर विशुनपुर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि शिवराम कच्छप, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी कैरो जिला परिषद सदस्य सुखदेव उराँव, भंडरा विधायक प्रतिनिधि मिठू उराँव, सेन्हा विधायक प्रतिनिधि बिरेन्द्र उराँव, मुखिया बंधन उराँव सहित विभाग के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से विधिवत आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार पाहन पुजार के द्वारा पूजन कर किया गया। वही ग्रामीणो द्वारा बताया गया कि गगेया से पतलो तक सड़क काफी समय से जर्जर हो गया था। जिससे रास्ता पर चलने के लिये ग्रामीण को काफी परेशानी होती थी और दो गांव की संपर्क कम दूरी होने के बावजूद रास्ता खराब होने के कारण दूरी कोसो दूर हो रहा था। जिसकी सूचना बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा को मिलते ही उनके पहल से आर0ई0ओ0 से पथ निर्माण का स्वकृति कराया गया. पथ निर्माण कार्य का प्राकलन राशि लगभग 4 करोड़ है। जिसे 4.50 किलोमीटर सड़क बनवाया जायेगा। शिलान्यास के पश्चात जनप्रतिनिधियों ने कहा निर्माण कार्य का गुणवत्ता में किसी प्रकार से समझौता नही किया जायेगा।

## ट्रेन से लकड़ी का बोटा और चौखट बरामद



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा टोरी जंक्शन पर गाड़ी संख्या 03341(बरकाकाना डेहरी ) के टोरी स्टेशन समय 09/33 बजे आगमन पर निरीक्षक प्रभारी टोरी के नेतृत्व में पोस्ट के अधिकारी व जवान द्वारा दौराने गस्त व चेकिंग में साधारण कोच के सीट के नीचे रखे जंगली लकड़ी का कुल चार अदद चौखट बरामद किया गया। पूछताछ में किसी के द्वारा उसपर दावा नही किया और न ही किसी के द्वारा उक्त को चढ़ाए जाने के बारे में बताया गया। इसी बीच सीआईबी बरकाकाना के अधिकारी व जवान भी मौके पर पहुंचे। सभी बरामद चौखट को प्लेटफार्म पर उतार कर पैमाईश किया गया। जिससे समक्ष गवाहन जप्ती सूची बनाकर जब्त कर पोस्ट पर लाया गया है। तथा सुपुर्दगी हेतु वन विभाग के अधिकारी को सूचित किया गया है।

## जेएमएम युवा जिला सचिव ने उपायुक्त से मिलकर समस्याओं से कराया अवगत, दिया ज्ञापन

महुआंडाड़ (आजाद सिपाही)। जेएमएम युवा जिला सचिव परवेज आलम ने लातेहार उपायुक्त कार्यालय में जाकर उपायुक्त हिमांशु मोहन से मुलाकात कर महुआंडाड़ के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया है। वहीं कुछ समस्या को लेकर परवेज आलम के द्वारा उपायुक्त को ज्ञापन भी दिया गया है। जिसमें लिखा गया है कि महुआंडाड़ प्रखंड के महुआंडाड़ बगरा मांचा बस्ती में सड़क और पेयजल की समस्या है जिसके कारण वहां लोगों को दुर दराज से पानी लाना पड़ता है साथ ही वहां के ग्रामीणों व विद्यार्थियों को स्कूल स्वास्थ्य केंद्र प्रखंड व अनुमंडल कार्यालय समेत वहां से अन्य स्थानों में आवागमन को लेकर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।इन सब परेशानियों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए व निरीक्षण कराते हुए सड़क व पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग उपायुक्त लातेहार की गयी है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, पी डब्लू डी लातेहार को भी दिया गया है।

## जलमीनार का पैनल बोर्ड चोरी, ग्रामीण परेशान



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत कल्हेपाट डीपा टोली आंगनबाड़ी के समीप लगा जलमीनार का पैनल बोर्ड पांच दिन पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। चोरी की सूचना ग्रामीणों से प्राप्त सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा जायजा लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को अवगत कराया गया। जानकारी के अनुसार बता दे कि कल्हेपाट डीपा टोली आंगनबाड़ी केंद्र के समीप जलमीनार में मशीन को चलाने के लिए पैनल बोर्ड लगाया गया था। जिसे पाँच दिन पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया। पैनल बोर्ड का चोरी होने से पानी पिने के लिये ग्रामीण और बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। साथ ही जीप सदस्य ने चोरी की सूचना थाना को देने का सलाह दिया गया था। परंतु इस पर ग्रामीण एवं आंगनबाड़ी सेविका द्वारा पहल नही किया गया। वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को जानकारी दिया गया है।

## शिक्षक की पुत्री रश्मि आइटीबीपी जनरल ड्यूटी पद पर हुई चयनित



बारियातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत गोखुलाबागी निवासी शिक्षक रामपति उरांव की छोटी पुत्री रशमी कुमारी(23) ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में सिपाही (जनरल ड्यूटी) पद पर चयनित होकर बारियातु प्रखण्ड क्षेत्र का नाम रौशन की। रश्मी कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया की मेरे पिताजी शिक्षक हैं, पिताजी ने ही मुझे बुनियादी शिक्षा दिए थे। उसके बाद प्राथमिक विद्यालय गोखुलाबागी से पाँचवी पास किये। मध्य विद्यालय की पढ़ाई डाढा विद्यालय मे पूरी की, इसके पश्चात परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय मे 2017 ई0 में मैट्रिक की शिक्षा पूर्ण करने के बाद रांची महिला महाविद्यालय रांची से ग्रेजुएशन की शिक्षा ग्रहण कर तैयारी कर रहे थे, रश्मी ने 2023 में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल मे चयनित हुए।

## चेहल्लुम मेला के सफल आयोजन की तैयारी

कुडू/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। चहललूम कमेटी चंडू चौक जिमा के तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय मेला सह नुमाइशी खेल प्रतियोगिता का आयोजन मदरसा कासमीया मैदान चंडू चौक जिमा में नौ सितंबर को समय अपराह्न 1 बजे से किया जा रहा है इस मेला सह खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर आज कमेटी के लोगो ने मेला मैदान का निरक्षण किया तथा कमेटी के लोगो ने कई आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर ऐनुल अंसारी, पवेज आलम, हलीम अंसारी, खुर्शीद खान, गुड्डू खान, हजरत अंसारी अबू जफर, कमरुद्दीन खान, मुताज खान, मोतालिब, तबरेज, खालिद आदि उपस्थित थे।

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेकर वापस आने पर खिलाड़ियों का किया गया भव्य स्वागत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** रांची के खेलगांव में आयोजित तीन दिवसीय 14 वी नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप और द्वितीय भगवान बिरसा मुंडा ट्रॉफी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुमला के 50 खिलाड़ी दिन शनिवार को कोच बालमुनी कुमारी के नेतृत्व में रवाना हुए थे । कोच बालमुनि कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड को ऑल ओवर चैंपियनशिप मिला और गुमला के 50 खिलाड़ियों से 42 खिलाड़ियों ने मेडल लाकर गुमला जिला का नाम रोशन किया है । वहीं उन्होंने कहा कि गुमला के पूर्व उपायुक्त सुशांत गौरव खेल मैदान में उपस्थित होकर गुमला के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे थे। प्रतियोगिता के समापन के बाद दिन मंगलवार की दोपहर को जिला वापस लौटने के दौरान भरनो ब्लॉक चॉक और टावर चौक गुमला गुमला में एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल, थाना प्रभारी विनोद कुमार, ताइक्वांडो एकेडमी के अध्यक्ष अर्पिता भट्टाचार्य, अशोक यादव, सुरेंद्र कुमार सहित अन्य खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का भव्य स्वागत कर बधाई देकर उत्साह बढ़ाया।

## स्पोर्ट्स अकादमी गुमला ने हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी आपसी भाई चारगी धर्मनिरपेक्ष वाला संगठन स्पोर्ट्स अकादमी गुमला के द्वारा शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमे स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाडियों और स्पोर्ट्स अकादमी के गुरु जी के द्वारा केक काटकर और मिठाईयां खिलाकर सुचारू ढंग से मनाया गया। इस मोके पर स्पोर्ट्स अकादमी के हाफि ज उर रहमान ने कहा हमेसा स्पोर्ट्स स्प्रिट बनाए रखे जिससे की आपके विकास के पथ में कोई रुकावट ना आए। साथ ही स्पोर्ट्स अकादमी के सैयद जुन्नु रैन ने कहा अपने गुरु का हमेशा सम्मान करे चाहे वह किसी भी क्षेत्र के हो। इस मोके पर खिलाडी विकास कुमार साहू, विक्रम राज ठाकुर, दीपक कुमार साहू, नीरज महतो, अनिस साहू, रवि गुप्ता, शशांक कुमार, विजय साहू, आलोक कुजु, राहुल कुमार, राजा प्रजापति, तौफीक अंसारी, अरीब अब्दीन, प्रीति कुमारी, लाल परिजात आर्या, अनामिका कुमारी उपस्थित थे।

## नशा विमुक्ति केंद्र गुमला में उपचार कराने में लोग नहीं ले रहे दिलचस्पी, दो माह में 28 मरीजों की हुई काउंसलिंग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** नशा विमुक्ति केंद्र गुमला में ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में शहरी क्षेत्र से कम मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं।वहीं इस केंद्र को खुले लगभग दो महीने हो गए लेकिन लोगों की रुचि इस केंद्र में आने की नहीं दिख रही है। केंद्र के काउंसलर आरती कुमारी ने बताया हडीया, शराब व गांजा के सेवन के आदी हुए मरीज यहां आते हैं। बताया कि दो महीने में ब्राउन शुगर के आदी दो मरीज भी आए हुए थे। वहीं ट्रीटमेंट व काउंसलिंग के लिए आने के बाद मरीज सेकंड काउंसलिंग के लिए दोबारा नहीं आ रहे हैं। वहीं नशा विमुक्ति केंद्र का कमरा भी खाली रहता है। वर्तमान में एक भी मरीज वहां भर्ती नहीं है। सही तरीके से प्रचार प्रसार नहीं होने से भी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इस केंद्र के बारे में पता नहीं है। जिसके कारण लोग इसके केन्द्र तक नहीं पहुंच पाते हैं।

## भदौली पंचायत की मुखिया अलबीना देवी की माता के निधन पर शोक व्यक्त



**सिसई (आजाद सिपाही)।** भदौली पंचायत की मुखिया अलबीना देवी की 64 वर्षीय मां बेनामी देवी का बुधवार को निधन हो गया। निधन की सूचना पर कई लोगों ने शोक व्यक्त कर मुखिया अलबीना देवी को सांत्वना दी। मुखिया पति सह सामाजिक कार्यकर्ता रामानन्द सिंह ने बताया वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में राज्य सभा सांसद समीर उरांव, जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुप चन्द्र अधिकारी, संगीता जायसवाल, मुकेश श्रीवास्तव (डेविड), विश्वनाथ जायसवाल, गौतम ताम्रकार, प्रभात साहु, प्रफुल्ल भगत, पंकज साहु, गोपाल ताम्रकार, मनीष बाबू, रामेश्वर साहु, बजरंग साहू, अशोक सिंह, धनेश्वर साहू, रामरति लोहरा, निरंजन सिंह, सफीक अंसारी, नंन्दकिशोर सिंह, शंकर प्रधान, बुद्धेश्वर प्रधान, अमोल प्रधान, सुमन प्रधान, जनार्दन साहू, राजनैतिक दलों व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्त्ता सहित पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल थे।

**कार्यक्रम : समाहरणालय के समक्ष आयोजित धरना में विजय सिंह ने भरी हुंकार**

# सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग पर क्रांतिकारी किसान सभा ने दिया धरना

**कहा- अन्नदाताओं का शोषण नहीं रुका तो किसान आंदोलन का सामना हेमंत सरकार को भी करना पड़ेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा गुमला के तत्वावधान में गुमला उपायुक्त के समक्ष सूखा क्षेत्र घोषित करने के लिए एकदिवसीय सांकेतिक धरना कार्यक्रम हुआ। सभा के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह की अध्यक्षता में किसान हित के नाम पर भ्रष्टाचार नहीं चलेगा नारे के साथ धरना कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के शासन में किसानों की आय के जगह परेशानी दोगुनी हो गई है। यही कारण है कि अन्नदाता किसान अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सुविधा नहीं दे पा रहे हैं और फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य व अन्य सुविधा नहीं मिलने से बदहाली का दौर से कृषक गुजर रहे हैं। सिंह ने यह भी कहा कि सुखाड़ को देखते हुए अविलंब गुमला सहित झारखंड को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित किया जाना चाहिए और पुख्ता सिंचाई की व्यवस्था हो। सिंह ने हेमंत सरकार से भी किसानों के हित के नाम पर मची लूट, भ्रष्टाचार पर जवाब तलब करते हुए कहा कि अन्नदाताओं का शोषण नहीं रुका तो किसान आंदोलन का सामना हेमंत सरकार को भी करना पड़ेगा। सिंह ने बताया कि महानायक भगत सिंह की जयंती 28 सितंबर 2023 को गुमला में आयोजित जनदावेदारी के लिए बुलाई गई है। लोहरदगा लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में किसान प्रतिनिधियों से भी सैकड़ों की संख्या में भाग लेने की अपील की है। झारखंड आंदोलनकारी अजीत विश्वकर्मा ने हेमंत सरकार को केंद्र सरकार की तरह ही झांसा देने वाली सरकार बताया। अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह ने कहा कि किसानों की सहमति व निगरानी में सिंचाई व्यवस्था के लिए योजना बनाकर योजना चलाई जाए। वहीं भाकपा (माले) रेड स्टार के प्रभारी प्रकाश उरांव ने कहा कि स्थानीय सांसद व विधायक के निकम्मेपन के कारण यहां के किसान व मजदूरों का भरपूर शोषण हो रहा है। धरना के बाद मुख्यमंत्री के नाम गुमला उपायुक्त के माध्यम से गुमला सहित झारखंड को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने, सिंचाई का पुख्ता इंतजाम करने तथा गुमला जिला मे पिछले 50 वर्षों में सिंचाई के लिए बने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए किस योजना से कितना एकड़ व डिसमिल भूमि सिंचित हो रहा है इसके लिए राज्य सरकार व जिला प्रशासन द्वारा श्वेत पत्र जारी करने सहित किसान हित से जुड़ी कई मांगें शामिल हैं।

धरना कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी अजीत विश्वकर्मा, प्रकाश उरांव, मुस्तकीम अंसारी, गोविंद उरांव, सिकंदर उरांव, राधेश्याम सिंह, जितिया बड़ाइक, रीमिस कुजूर, बंधन लोहरा, सोमरा खड़िया, अनूप सिंह, अशोक उरांव, शंकर उरांव, महिला नेत्री पुष्पा उरांव सहित दर्जनों की संख्या में किसान मौजूद थे।

## पालकोट मंडल में संकल्प यात्रा को सफल बनाना है : गोपाल प्रसाद केशरी

**प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगमन 21 सितंबर को होगा, इस संकल्प यात्रा में सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पालकोट।** प्रखण्ड अंतर्गत सोहर साहू शिशु विद्या मंदिर में भारतीय जनता पार्टी पालकोट मंडल के तत्वावधान में बुधवार को संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद केशरी की अध्यक्षता में पालकोट के सभी शक्तिकेंद्र से कार्यकर्ता उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाए। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा के पूर्व विधायक निर्मल बेसरा, बिमला प्रधान, सिमडेगा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, प्रदेश ओबीसी महामंत्री शिवप्रसाद साहू, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के प्रतिनिधि, सिमडेगा जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, गुमला जिला सांसद प्रतिनिधि रामावध साहू, जिला मंत्री प्रतिमा देवी मुख्य रूप से उपास्थित थे।

मंडल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद केशरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगमन 21.09.2023 को होने जा रहा है और इस संकल्प यात्रा में पालकोट मंडल के सभी बूथ से कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। पालकोट मंडल से संकल्प यात्रा को सफल बनाना है। सभी अतिथियों ने संकल्प यात्रा को सफल बनाने के की बात कही। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष कृष्णा सिंह, राजेश खन्ना, सुकांति देवी प्रखंड के महामंत्री मनोज केशरी, प्रखंड मंत्री शांति देवी, रूप नारायण साहू, आशीष साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा उपाध्यक्ष बीर नागरची, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री नंद कुमार गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमर कुमार सोनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष तारा देवी, रूपा देवी, रेणु देवी, जसिंता देवी, गीता देवी, अनुसूसित जनजाति मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी राहुल बड़ाइक, विजय प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, बेचन प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, दयानंद केशरी, रामबिलास पांडा, खिलोधर साहू, कृष्णा साहू, अवधेश साहू, नंद साहू, प्रकाश महतो, देवपाल साय, राजेंद्र सिंह, मिथलेश सिंह, सूरज कुमार वर्मा, सुरेंद्र कंसारी, अनित साहू, जितेंद्र लाल, दरोगा साहू, हिरामन साहू, शंकर साहू, अशोक साहू, श्याम सुन्दर सिंह, गोपी नायक सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नगर परिषद में नये कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप कुमार ने किया पदभार ग्रहण

**गुमला जिला को स्वच्छ व सुंदर बनाना मेरी पहली प्राथमिकता है : दिलीप कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर दिलीप कुमार ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान नगर परिषद के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी एसडीओ रवि जैन ने दिलीप कुमार को पदभार सौंपा।

दिलीप कुमार सातवीं जेपीएससी बैच से हैं और दुमका में प्रशिक्षण के बाद उनकी यह पहली पोस्टिंग है।

वही कार्यपालक पदाधिकारी का पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा गुमला जिला को स्वच्छ व सुंदर बनाना मेरी पहली प्राथमिकता है। नगर पालिका क्षेत्र में जो भी मूलभूत समस्याएं हैं उनको यथासंभव दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने नगर परिषद के पदाधिकारी व कर्मियों से सहयोग करने की अपील की। कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप कुमार ने आम जनता से भी नगर परिषद के कार्यों में सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा क्षेत्र में मूलभूत समस्याओं में पानी की समस्या सबसे ज्यादा है इस समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। वहीं कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को भी प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

**कार्यक्रम : जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित**

# राधा कृष्ण के मनमोहक रूप में नृत्य व नाट्य कला की आकर्षक प्रस्तुति ने जीता दिल

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व प्राचार्य ने बच्चों को उत्साहवर्धन करते हुए किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमला में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 250 से अधिक छोटे-छोटे बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष अशोक मुकुल, समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंहा, पूर्व आचार्या चंद्रलेखा देवी, माया सिन्हा, जयश्री उरांव ने लड्डूगोपाल कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की।

कार्यक्रम में राधा कृष्ण के मनमोहक रूप में विभिन्न गीतों पर नृत्य व नाट्य कला की अद्भुत व मनमोहक प्रस्तुति ने सबका दिल जीत लिया। रूप सज्जा प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित थी। प्रथम ग्रुप में अरुण और उदय के भैया बहन राधा और श्रीकृष्ण के रूप में थे। राधा के रूप में दीक्षा जायसवाल प्रथम तथा श्री कृष्ण के रूप में सात्विक आनंद केसरी प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय ग्रुप में प्रभात तथा प्रथम के भैया बहन राधा कृष्ण के रूप में शामिल हुए जिसमें प्रथम स्थान पर राधा के रूप में सुचित्रा मेहता तथा श्रीकृष्ण के रूप में गुरुवंश रहे। तृतीय ग्रुप में कक्षा द्वितीय तथा तृतीय के भैया बहन यशोदा तथा बलराम के रूप में रहे। दिव्या प्रियम यशोदा के रूप में प्रथम तथा शिवांश सोनी बलराम के रूप में प्रथम स्थान पर रहे। चतुर्थ ग्रुप में कक्षा चतुर्थ और पंचम के भैया बहन शामिल हुए। जिसमें मीरा के रूप में अर्पिता कुमारी प्रथम तथा अर्जुन के रूप में विवान कुमार प्रथम स्थान पर रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय तथा मंच का संचालन आचार्य स्वप्न कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा विद्यालय में आज कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भैया-बहनों के अंदर बचपन से ही भारत की संस्कृति और सभ्यता की नींव डाली जाये ताकि बच्चे बड़े होकर संस्कारी बनें और श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर त्याग, समर्पण, आदर, मित्रता, प्रेम, भक्ति व वात्सल्य की भावना अपने जीवन में उतारकर समाज के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व प्राचार्य ने बच्चों को उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम वाटिका खंड की प्रभारी अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। अंत में कार्यक्रम में सभी आगंतुक अतिथि, अभिभावक वृन्द, आचार्य आचार्या, भैया बहन व उपस्थित लोगों के प्रति आभार व कृतज्ञता ज्ञापित किया। कार्यक्रम में शिशु खंड के सभी आचार्य जी एवं दीदी जी की सहभागिता रही। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## संवेदक धड़ल्ले से कर रहे हैं अवैध बालू का उपयोग पदाधिकारी मौन

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव नहीं करने का सख्त निर्देश के बावजूद बिशुनपुर प्रखंड में संवेदक धड़ल्ले से कर रहे हैं अवैध बालू का उपयोग। इन दोनों प्रखंड के चटकपुर गांव से ओरया गांव तक लगभग 15 करोड़ रुपए की लागत से श्याम बिहारी यादव कंट्रक्शन के द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण के तमाम कार्य मैं अवैध बालू का उपयोग किया जा रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारि चुप्पी साधे हुए हैं। मालूम हो कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत चटकपुर से ओरया गांव तक दस किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य चल रहा है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी में कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मकरा स्थित सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से 9वीं तक के विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण के स्वरूप में चित्रण किया। इस क्रम में विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म तथा लोक कल्याण के विषय में सभी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण विकट परिस्थिति में भी अपने चाहने वालों का साथ नहीं छोड़ते। वे इस विश्व का आधार हैं। इस सृष्टि का मूल हैं और वह सभी लोक कल्याण के कार्य के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कृष्ण जन्म की घटनाओं पर आधारित, कालिया नाग के मर्दन पर आधारित, महा रासलीला की घटनाओं पर आधारित नाटक का भी विमोचन किया। इस क्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से अपना योगदान देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

## बीओआइ भागीडेरा शाखा में 118वां स्थापना दिवस ग्राहक मिलन समारोह आयोजित कर मनाया गया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया भागीडेरा शाखा में बैंक का 118वां स्थापना दिवस केक काटकर एवं ग्राहक मिलन समारोह आयोजित कर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक जयकिशन गुप्ता द्वारा उपस्थित सभी ग्राहकों को बैंक द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने ग्राहकों को बैंक द्वारा देय ऋण, जीवन ज्योति बीमा योजना, फिक्स डिपॉजिट, मुद्रा ऋण, अन्य बीमा समेत सभी सेवा की जानकारी दी गयी। बैंक की स्थापना दिवस पर ग्राहकों को 18 लाख रुपया का बैंक ऋण का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर क्रिस्ट टोपनो, पुर्नजय कुमार, राजेश काढ़ीर, रति उरांव, सुनील कंसारी, पुष्पा सोरेन समेत अनेकों ग्राहक उपस्थित थे।

## बीएन जालान कॉलेज में योग गुरु ने छात्र -छात्राओं को योग पर चर्चा के साथ बौद्धिक ज्ञान की दी जानकारी



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बीएन जालान कॉलेज में बुधवार को योग गुरु गजराज महतो ने छात्र -छात्राओं को योग पर चर्चा के साथ बौद्धिक ज्ञान की जानकारी दी। योग गुरु गजराज महतो ने कहा कि योग ऋषि मुनियों की वो जीवन दायिनी पद्धति है जिसे अपने दिनचर्या मे शामिल कर तन के साथ मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। योग के सहारे छात्र -छात्राएं उच्च व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त कर जीवन में सफलता अर्जित कर सकते हैं। इस दौरान बसुधैव कुटुंबकम, वंदे मातरम, भारत माता की जय, जय हिंद के राष्ट्र भक्ति नारे भी लगाए गए। सभी को दिनचर्या में योग अपनाने की शपथ दिलाई गई। मौके पर शिक्षिका नमिता कुमारी, शिक्षक गोपाल कुमार केशरी, दिव्या कुमारी, अंकिता कुमारी, पायल कुमारी, किशन साहु, रोहित साहु, अरुण कुमार सिंह, मुकुल सिंह रीता कुमारी, सोनी कुमारी खुशबू कुमारी शिवानी कुमारी सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## मनरेगा लोकपाल ने सभी पंचायत में संचालित योजनाओं का किया निरीक्षण



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** मनरेगा लोकपाल शहबान शेख की अध्यक्षता में बुधवार को रायडीह प्रखंड सभाकक्ष में मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक हुई। इस बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत में संचालित मनरेगा योजना आम बगवानी, दीदी बाड़ी, गाय शेड, मुर्गी शेड, बकरी शेड, तालाब, कूप निर्माण, भूमि समतलीकरण एवं अन्य मनरेगा योजनाओं के अभिलेख का अवलोकन किया। इसमें पायी गयी त्रुटि का सुधार करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सभी मनरेगा कर्मियों को लोकपाल के कार्य व अधिकार की जानकारी देते हुए निर्देश दिया कि मनरेगा कार्य में किसी प्रकार की कोई कमी सामने आने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक माह मनरेगा योजनाओं की समीक्षा बैठक की जाएगी। सभी पंचायत सचिव रोजगार सेवक को प्रत्येक दिन पंचायत भवन में रहकर पंचायत के कार्यों का निष्पादन करने का सख्त निर्देश दिया। वहीं लोकपाल शहबान शेख के द्वारा कुड़ोछत्रपुर पंचायत में जमाल ताज का गाय शेड और राजकुमार प्रसाद का आम बागवानी का निरिक्षण किया। मौके पर बीपीओ अराधना राय, सहायक अभियंता सुजीत कुमार, कनीय अभियंता जगरनाथ उरांव, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक मौजूद थे।

## भरनो में दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड 2023-24 के तहत प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल ग्राउंड, भरनो में बुधवार को दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनि तिर्की ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में प्रथम दिन कुल 11 विद्यालय के डेढ़ सौ 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। खेलो झारखंड में निम्न समूह में विभाजित कर अंडर 14, अंडर 17, अंडर-19 तीन समूह में विभाजित कर खेल का आयोजन किया गया। जिसमें एथलेटिक्स के तहत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर तथा 3000 मी. का दौड़ शामिल था तथा कबड्डी और गोला फेंक प्रथम दिन खेला गया। 8 सितंबर को दूसरे दिन का खेल का आयोजन होगा। प्रथम दिन के कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड साधन सेवी सह प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी शमीम एजाज, लेखपाल राजदीप कुमार, सीआरपी, विजय कुमार, भूषण केसरी, शशि भूषण, नूर इकराम रिसोर्स शिक्षक, रंजीत कुमार महतो, वीरेंद्र कुमार, मुकुल टेटे, बीआरपी सुधीर कुमार साहू, खेल शिक्षक बीरबल सर, सुधीर सर, अमित सर, सुमन लता मैडम, पूनम मैडम, कुंवर सर, प्रखंड के सभी शिक्षकों व बच्चों का सराहनीय योगदान रहा।

